**बिहार सरकार**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग**

M/s Ganadhipati Construction Pvt. Ltd. (सूचीबद्धता सं0–131220220205) को कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बेतिया के कार्यालय आदेश संख्या–452, दिनांक–18.11.2025 के द्वारा किये गये डिबार के विरूद्ध दायर अपील अभ्यावेदन पर दिनांक–29.12.2025 को सुनवाई के संबंध में।

---

29.12.2025

**आदेश**

M/s Ganadhipati Construction Pvt. Ltd., 203A, Block-Capital town, Frair Road, Patna (सूचीबद्धता सं0–131220220205) एवं कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बेतिया उपस्थित।

लोक स्वास्थ्य प्रमंडल बेतिया अंतर्गत M/s Ganadhipati Construction Pvt. Ltd. (सूचीबद्धता सं0–131220220205) को बेतिया क्षेत्रान्तर्गत मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना 'हर घर नल का जल' के तहत शुद्ध पेयजल की व्यवस्था हेतु जलापूर्ति योजना के मरम्मति एवं सम्पोषण से संबंधित आवंटित कार्य में एकरारनामा संख्या-SBD-01/2024-25 में निहित प्रावधानों के अनुरूप सम्यक अभिरूचि नहीं लेने एवं कतिपय निदेशों के बाद भी बकाया बिद्युत विपत्र की राशि जमा नही करने के कारण कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बेतिया के द्वारा अपने कार्यालय आदेश संख्या–452, दिनांक–18.11.2025 से डिबार किया गया।

संवेदक द्वारा मरम्मति एवं सम्पोषण कार्य पूर्ण किये जाने एवं बकाया बिद्युत विपत्र का भुगतान करने के पश्चात् क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र, मुजफ्फरपुर के द्वारा अपने कार्यालय पत्रांक–1352, दिनांक–09.12.2025 से उक्त एकरारनामा से संबंधित संवेदक को डिबार मुक्त करने हेतु अनुशंसा किया गया।

क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र, मुजफ्फरपुर से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में दिनांक–29.12.2025 को अद्योहस्ताक्षरी द्वारा इस मामले की सुनवाई की गयी, जिसमें संवेदक तथा कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बेतिया के द्वारा भाग लिया गया। सुनवाई के क्रम में संवेदक द्वारा उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा गया एवं कार्यपालक अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि संवेदक के द्वारा एकरारनामा में निहित शर्तों के तहत आवंटित कार्य में सम्यक अभिरूचि नहीं लेने एवं बकया बिद्युत विपत्र का भुगतान नही करने के कारण संवेदक को डिबार किया गया था। तत्पश्चात्, कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि डिबार करने के बाद संवेदक के द्वारा अनुरक्षण नीति अंतर्गत निर्धारित मानक के अनुरूप मरम्मति एवं सम्पोषण का कार्य किया जा रहा है एवं माह अगस्त तक विद्युत मद में बकाया कुल 3530813.00 रू0 एजेन्सी के Keep Back की राशि से प्रमंडल द्वारा कुल 3588818.00 रू0 का भुगतान दिनांक–28.11.2025 को कर दिया गया ।

अतः क्षेत्रीय पदाधिकारी के प्रतिवेदन एवं मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र, मुजफ्फरपुर से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में सम्यक समीक्षोपरांत कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बेतिया के कार्यालय आदेश संख्या–452 दिनांक–18.11.2025 के द्वारा संवेदक M/s Ganadhipati Construction Pvt. Ltd. (सूचीबद्धता सं0–131220220205) को अगली निविदा में भाग लेने से डिबार करने संबंधी आदेश को एतद् द्वारा तत्काल प्रभाव से विलोपित किया जाता है।

(पंकज कुमार पाल)
सचिव

ज्ञापांक–12 / वि0–177 / 2025– 11 पटना, दिनांक– 01.01.26

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना / भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना / लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना / नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, बिहार, पटना / बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना / बुडको, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

अभय 01.01.26

(अभय कुमार सिंह)

मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक–12 / वि0–177 / 2025– 11 पटना, दिनांक– 01.01.26

प्रतिलिपि–अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय) / सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता / सभी अधीक्षण अभियंता / सभी कार्यपालक अभियंता, / आई0 टी0 मैनेंजर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

आई0 टी0 मैनेंजर को निदेश है कि इसे विभागीय वेवसाईट पर अपलोड किया जाय।

अभय 01.01.26

(अभय कुमार सिंह)

मुख्य अभियंता (रूपांकण)

Speed Post/ E-mail

ज्ञापांक–12 / वि0–177 / 2025– 11 पटना, दिनांक– 01.01.26

प्रतिलिपि–कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बेतिया / संवेदक, M/s Ganadhipati Construction Pvt. Ltd., 203A, Block-Capital town, Frair Road, Patna (सूचीबद्धता सं0–131220220205) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभय 01.01.26

(अभय कुमार सिंह)

मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक–12 / वि0–177 / 2025– 11 पटना, दिनांक– 01.01.26

प्रतिलिपि–सचिव के प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

अभय 01.01.26

(अभय कुमार सिंह)

मुख्य अभियंता (रूपांकण)